दैनिक भास्कर

जालोर 29-06-2023

महाविद्यालय सांचौर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, ऑनलाइन आवेदन 5 जुलाई तक

सांचौर | शहर के राजकीय कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य मूला राम ने बताया कि प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 5 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय द्वारा आवेदन पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन के बाद 10 जुलाई 2023 को अंतरिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जिसके बाद अंतरिम वरियता सूची एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थी 13 जुलाई तक ई-मित्र के माध्यम से निर्धारित फीस जमा करवा सकते है। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन व वर्ग निर्धारण एवं विषय का आवंटन 14 जुलाई को किया जाएगा। महाविद्यालय में नव प्रवेशित स्नातक पार्ट प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन शिक्षण कार्य 15 जुलाई से शुरू होगा।